रविवार 23 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



भूमि विवाद मामलों के निपटारे के लिए हर शनिवार को लगे जनता दरबार: डीएम

3






### पीएम मोदी ने 70 हजार को युवाओं को डिजिटल माध्यम से सौंपा नियुक्ति पत्र, लगाए आरोप

# यूपीए ने घोटाले कर बैंकों को बर्बाद कर दिया था

- पीएम बोले- भारत वैश्विक विश्वास एवं आकर्षण के केंद्र के रूप में उभरा है
- नव-मध्यम वर्ग की मांगों को पूरा करने के लिए देश में बड़े पैमाने हो रहा निर्माण

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि संप्रग सरकार ने घोटाले कर बैंकों को बर्बाद कर दिया था, लेकिन उनकी सरकार ने बैंकों की वित्तीय सेहत को बहाल किया और अब भारत अपने मजबूत बैंकिंग क्षेत्र के लिए जाना जाता है। करीब 70 हजार लोगों को डिजिटल माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद रोजगार मेला को संबोधित करते हुए मोदी ने रेखांकित किया कि नियुक्ति पाने वालों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग शामिल हैं, जो बैंकिंग क्षेत्र में काम करेंगे।



### हमारी सरकार ने पेशेवर माहौल बनाने में मदद की

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार द्वारा सुधारात्मक कदम उठाए जाने से पहले पूर्ववर्ती सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया था। मोदी ने कहा कि फोन बैंकिंग घोटाला पूर्ववर्ती सरकार के सबसे बड़े घोटालों में से एक था, जिसकी वजह से बैंकिंग प्रणाली की कमर टूट गई थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के लिए फोन बैंकिंग की अवधारणा अलग थी, क्योंकि उस समय हजारों करोड़ रुपये का ऋण कुछ नेताओं और परिवारों के चहेते लोगों को दिए जाते थे और ये ऋण वापस करने के लिए नहीं होते थे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने बैंक प्रबंधन को मजबूत करने, छोटे बैंकों का विलय करने और इस क्षेत्र की मदद के लिए पेशेवर माहौल बनाने सहित कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हजारों करोड़ रुपये के घाटे और गैर-निष्पादित संपत्ति की वजह से जाने जाते थे, लेकिन अब वे रिकॉर्ड लाभ के लिए जाने जाते हैं।

### देश में रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि देश में नव-मध्यम वर्ग का विस्तार हो रहा है और इससे रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। बढ़ते नव-मध्यम वर्ग की अपनी आकांक्षाएं हैं और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए देश बड़े पैमाने पर निर्माण कर रहा है। कहा, जब निर्णय अच्छी मंशा से लिए जाते हैं और सही नीतियां बनाई जाती हैं तो परिणाम अभूतपूर्व होते हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों की सेवा करने और मुद्रा योजना के तहत ऋण के माध्यम से गरीबों और असंगठित क्षेत्रों की मदद करने तथा महिला स्वयं सहायता समूहों का समर्थन करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के वास्ते बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक विश्वास एवं आकर्षण के केंद्र के रूप में उभरा है और देश को इसका भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर बढ़ रहे हैं।

## 2025 तक देश में 20 फीसदी एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का लक्ष्य हासिल करने पर ध्यान: मोदी

**गोवा।** मोदी सरकार पेट्रोल में एथेनॉल ब्लेंडिंग बढ़ाने को लेकर तमाम कोशिशें कर रही है। पीएम मोदी ने गोवा में हो रही जी20 एनर्जी मीनिस्ट्रियल मीटिंग में भी एथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर कई अहम बातें कही हैं। पीएम मोदी ने कहा है कि इसी साल पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडिंग की शुरूआत की गई है और सरकार का मकसद है कि साल 2025 के अंत तक पूरे देश में हर जगह पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य हासिल कर लिया जाए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा- भारत को डी-कार्बनाइज करने के लिए हम मिशन मोड में काम कर रहे हैं। हम ग्रीन हाइड्रोजन को एक विकल्प के तौर पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा मकसद है कि हम भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के मामले में इतना सक्षम बनाएं कि उसका प्रोडक्शन करें, इस्तेमाल करें और यहां तक कि एक्सपोर्ट भी करें। ये सब करने के दौरान यह भी ध्यान रखना है कि हमारे भाई-बहन और साथी देश पीछे ना छूट जाएं। हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि डेवलपिंग देशों के लिए सस्ता कर्ज उपलब्ध हो। हमें ऐसे रास्ते ढूंढने होंगे, जिससे टेक्नोलॉजी गैप को ब्रिज किया जा सके और एनर्जी सिक्योरिटी को प्रमोट किया जा सके। साथ ही हमें सप्लाई चेन को डायवर्सिफाई करने की दिशा में भी काम करने की जरूरत है। पीएम मोदी ने आगे कहा- भारत में हमने पिछले 9 सालों में करीब 19 करोड़ परिवारों को एलपीजी से जोड़ा है। हमने हर गांव तक बिजली पहुंचाने का ऐतिहासिक काम भी किया है। हम हर किसी को पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस से भी जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसमें क्षमता है कि यह अगले कुछ सालों में 90 फीसदी से भी ज्यादा आबादी तक पहुंच सकती है। हमारा मकसद है कि हम सभी के लिए सस्टेनेबल एनर्जी पर काम करें।

## मालदा में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर जूतों से पीटा

- चोरी के आरोप में पकड़ी गई थीं दोनों आदिवासी महिलाएं
- महिला और दुकानदारों ने बेरहमी से की पिटाई
- महिलाओं की पिटाई का वीडियो वायरल

**एजेंसी/मालदा**

पश्चिम बंगाल में हावड़ा के बाद अब मालदा जिले में भी मणिपुर की तरह महिलाओं से बर्बरता की घटना सामने आई है। आरोप है कि मालदा के बामनगोला थाना क्षेत्र के पकुआहाट इलाके में चोरी के आरोप में दो आदिवासी महिलाओं को स्थानीय लोगों ने निर्वस्त्र करके जूतों व लात-घूसों से बेरहमी से पिटाई की। घटना का वीडियो वायरल हुआ है। यह घटना 19 जुलाई की बताई जा रही है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो महिलाओं को कुछ महिलाएं जमकर पीट रही हैं। हालांकि, पुलिस को इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो देखने के बाद ही उनको इस घटना का पता चला है।

पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच करने के बाद पता चला है कि दो महिलाओं को चोरी करते वक़्त रंगे हाथ पकड़ा गया था। इसके बाद स्थानीय महिला और दुकानदारों ने उनकी पिटाई की थी। बताया जा रहा है कि महिलाएं चोरी करते हुए पकड़ी गई थीं, वे भाग गईं और उन्होंने डर से शिकायत भी दर्ज नहीं कराई। पुलिस का कहना है कि स्वत संज्ञान में लेकर मामला दर्ज किया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाल में आतंक का कहर जारी है: भाजपा

घटना को लेकर बंगाल भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में आतंक का कहर जारी है। उन्होंने कहा, इस घटना से ममता बनर्जी का दिल टूट जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने इस बर्बरता की निंदा तक नहीं की, क्योंकि इससे एक मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के रूप में उनकी विफलता उजागर होती। वहीं भाजपा सांसद लाकेट चटर्जी ने कहा कि यह राज्यों की बात नहीं है मणिपुर या बंगाल। बंगाल में महिलाओं पर किस तरह से हमला किया जाता है, इसके चौंकाने वाले दृश्य हैं।

## नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दाखिल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की राजधानी पटना में 13 जुलाई को इनकम टैक्स चौराहे पर बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं की पिटाई का मामला अब तक शांत नहीं हुआ है। बीजेपी के दो नेताओं ने कोतवाली थाने में इसकी शिकायत दी थी। शिकायत में लाठीचार्ज की घटना के दौरान पुलिस प्रशासन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, डीएम व एसपी पर जानलेवा हमले के आरोप लगाए गए थे। कोतवाली थाने में की गई शिकायत में इस बात का जिक्र किया गया था की यह सारी घटना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इशारे पर अंजाम दी गई है। इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो बीजेपी नेता शनिवार को कोर्ट पहुंच गए। कोर्ट में धारा 307, 323, 324, 354-A और 354-D के तहत परिवाद दाखिल किया गया है। बीजेपी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष लाजवंती झा ने बताया कि उन्होंने एक दर्जन भाजपा कार्यकताओं के साथ मुख्य न्यायाधीश के सामने पटना के सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किया है। लाजवंती झा का आरोप है कि पुलिस की तरफ से यह लाठीचार्ज भाजपा कार्यकताओं की जान लेने की नीयत से किया गया था। इसमें बीजेपी के कई नेता घायल हुए।

## मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने पांच लोगों को मारी गोली, प्रॉपर्टी डीलर और उसके बॉडीगार्ड की मौत

- मुजफ्फरपुर के बड़े प्रॉपर्टी डीलर थे मृतक आशुतोष शाही
- घटना में आधुनिक हथियार का किया गया उपयोग, करीब 18 से 20 चली राउंड गोली

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

बिहार के मुजफ्फरपुर में बेखौफ बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए पांच लोगों को गोलियां मारी है जिसमें मुजफ्फरपुर के प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही और उनके बॉडीगार्ड की मौत हो गई है। घटना मिठनपुरा थाना क्षेत्र के लकड़ीढाही का है जहां पर एक घर में घुसकर बेखौफ अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। फायरिंग की इस घटना में आशुतोष शाही की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही साथ उनके दो बॉडीगार्ड सहित दो अन्य व्यक्तियों को भी गोलियां मारी गई है। इस घटना में पांच को गोली लगने की बात सामने आ रही है, फिलहाल पुलिस चार लोगों को ही गोली लगने की बात कह रही है। इस घटना के बाद से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है। घटना को किन कारणों से अंजाम दिया गया है, इसका पता नहीं लग सका है।

स्थानीय लोगों की मानें तो अचानक दो बाइक पर कुछ अपराधी पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। ताबड़तोड़ फायरिंग की इस घटना में आशुतोष शाही की मौत हो गई। वहीं बताया जा रहा है कि इस घटना में आधुनिक हथियार का उपयोग किया गया है और करीब 18 से 20 राऊंड गोली चली है। लोगों की मानें तो इस हत्याकांड में एके-47 जैसे रायफल के इस्तेमाल की भी बातें सामने आ रही हैं। आशुतोष शाही मुजफ्फरपुर के एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में जाने जाते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में वह मुजफ्फरपुर से निर्दलीय प्रत्याशी भी बने थे। सरेआम हुई इस मर्डर की घटना से पूरे मुजफ्फरपुर के लोग सकते में हैं।




### वाराणसी में आयोजित मंदिरों के महासम्मेलन में बोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक

# नई पीढ़ी को मंदिरों के द्वारा देना होगा शिक्षा संस्कार: भागवत

- मोहन भागवत बोले- मंदिर हमारी प्रगति का सामाजिक उपकरण हैं मंदिर में आराधना के समय आराध्य का पूर्ण स्वरूप होना चाहिए

**एजेंसी/वाराणसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को मंदिरों के द्वारा शिक्षा संस्कार देनी पड़ेगी, क्योंकि भविष्य उन्हीं को संभालना है। इनको अभी से प्रशिक्षित करने की जरुरत है। संघ प्रमुख मोहन भागवत शनिवार को वाराणसी में टेंपल कनेक्ट की ओर से आयोजित मंदिरों के महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर को नई पीढ़ी को संभालना है तो उन्हें ट्रेनिंग दें। अपने साधन और संसाधन को एक करके अपनी कला और कारीगरी को सशक्त करें। समाज के कारीगर को प्रोत्साहन मिले तो वह अपने को मजबूत करेगा। मंदिर सत्यम-शिवम-सुंदरम की प्रेरणा देते हैं। मंदिर की कारीगरी हमारी पद्धति को दिखाते हैं। मंदिर को चलाने वाले धर्म होने चाहिए। अपने यहां कुछ मंदिर सरकार और कुछ समाज के हाथ में है। काशी विश्वनाथ का स्वरूप बदला, ये भक्ति की शक्ति है। परिवर्तन करने वाले लोग भक्त हैं और इसके लिए भाव चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि बलि और हिंसा समय के साथ बदली और यह अब नारियल फोड़कर होती है। समाज प्रकृति और परंपरागत राजा पर निर्भर नहीं है। राजा का काम संचालन है। इसके लिए हम सत्ता देकर सो नहीं जाते, बल्कि उनके कामों का फल चुनाव में देते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर भक्तों के आधार पर चलते हैं। पहले मंदिर में गुरुकुल चलते थे। कथा प्रवचन और पुराण से नई पीढ़ी शिक्षित होती थी। संस्कार होता है कि मनुष्य को जहां धन, वैभव आदि मिलता है, वह वहां आता है।



### शरीर, मन और बुद्धि को पवित्र करके ही आराधना होती है

भागवत ने कहा कि छोटे से छोटे मंदिर में पूजा हो और वहां पर स्वच्छता की व्यवस्था हो, उसकी चिंता होनी चाहिए। कई जगहों पर मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं, उनको कैसे जोड़ा जाए, उस पर भी सोचना चाहिए। मंदिर कनेक्ट तो हो रहा है, अब अगला कार्यक्रम सभी मंदिरों का सर्वे करना है। जिस धर्म का पालन करना है, अगर वो धर्म ही नहीं रहेगा और उसकी श्रद्धा ही नहीं रहेगी तो कैसे काम चलेगा। उन्होंने कहा कि समाज में धर्म चक्र परिवर्तन के आधार पर सृष्टि चलती है। शरीर, मन और बुद्धि को पवित्र करके ही आराधना होती है। मंदिर हमारी प्रगति का सामाजिक उपकरण हैं। मंदिर में आराधना के समय आराध्य का पूर्ण स्वरूप होना चाहिए।

## आरा में दर्दनाक घटना: महिला की मौत, बेटा व छोटी बेटी गंभीर रूप से जख्मी

# पति के अवैध संबंध को ले हुआ झगड़ा, नाराज पत्नी तीन बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूद गई

**केटी न्यूज/आरा**

अवैध संबंध को लेकर पति से झगड़े के बाद एक महिला ने खौफनाक कदम उठा लिया। खुदकुशी करने के लिए वह अपने तीन बच्चों के साथ रेलवे ट्रेन के सामने खड़ी हो गयी। उसमें महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। वहीं, उसका बेटा और छोटी बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसमें उसके बेटे का पैर कट गया है, जिसे पटना रेफर कर दिया गया है। बेटी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं ट्रेन आते देख उसकी बड़ी बेटी ज्योति कुमारी किसी तरह ट्रैक से भाग निकली, जिससे उसकी जान बच गयी। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के गर्ल्स स्कूल स्थित गली निवासी मनीष कुमार की 25 वर्षीया पत्नी गुड़िया देवी थी। घायलों में उसकी 10 वर्षीय पुत्री जया कुमारी और पांच वर्षीय पुत्र कौशिक कुमार शामिल है। घटना आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी के समीप न्यू ओवरब्रिज के नजदीक शनिवार की सुबह की है। घटना को लेकर देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जा रहा है कि गुड़िया देवी को अपने पति मनीष कुमार का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध होने का संदेह था। उसे लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। शनिवार की सुबह पति को घर बुलाने को लेकर गुड़िया देवी का मोबाइल पर पति के साथ झगड़ा हुआ। तब मनीष कुमार द्वारा घर आने से इनकार कर दिया गया। उसके बाद गुड़िया देवी अपने तीनों बच्चों को लेकर रेलवे ट्रैक पर जा पहुंची और हाथ पकड़ कर बैठ गयी। कुछ देर के बाद हिमगिरि ट्रेन आ गयी। उसकी चपेट में आने से गुड़िया देवी, उसका बेटा और बेटी जख्मी हो गए। उसके बाद तीनों को अस्पताल लाया गया। वहां गुड़िया देवी को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि उसके बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। मामूली रूप से जख्मी छोटी बेटी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

**ट्रक आते देख भागने लगे बच्चे :** मनीष कुमार की बड़ी बेटी ज्योति कुमारी ने बताया कि सुबह में झगड़े के बाद उसकी मां गुस्से उसे, उसके भाई कौशिक और बहन जया कुमारी को लेकर आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी साइड न्यू ओवरब्रिज स्थित रेलवे ट्रैक पहुंची। वहां वह तीनों का हाथ पकड़ कर ट्रैक पर बैठ गयी। जाकर सभी के साथ बैठ गई। तभी हिमगिरि ट्रेन आ गयी। उसे देख तीनों भाई बहन मां का हाथ छुड़ाकर भागने लगे। तब मां ने उसके भाई कौशिक का हाथ पकड़ लिया, जबकि वह और उसकी छोटी बहन जया कुमारी अपनी मां का हाथ छुड़ाकर भाग गयी। भागने के क्रम में उसकी छोटी बहन जया कुमारी घायल हो गयी। वही ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसका भाई कौशिक कुमार भी ट्रेन की चपेट में आने से वह भी बुरी तरह घायल हो गया। उसके बाद उसी ट्रेन से जा रहे यात्रियों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। वहां उसकी मां को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि प्राथमिक उपचार करने के बाद उसके छोटे भाई कौशिक कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। हादसे में उसके भाई कौशिक कुमार का दाहिना पैर कट गया है।

### पापा किसी और महिला से करते थे बात

ज्योति कुमारी ने बताया कि उसके पिता किसी अन्य महिला से अक्सर मोबाइल पर बातचीत करते हैं। उसे लेकर उसकी मां और पिता के बीच हमेशा झगड़ा होता था। उसके पिता द्वारा



उसके मां के साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाती थी। शनिवार की सुबह उसके पिता घर से बाहर निकले हुए थे। तब उसकी मां ने उन्हें फोन कर घर बुलाया, लेकिन वह नहीं आए। उसे लेकर फोन पर ही दोनों के बीच गाली-गलौज हुयी। तब उसके पिता ने कहा कि तुम्हें जो करना है, कर लो मैं नहीं आऊंगा। उसके बाद उसकी मां गुस्से में तीनों को लेकर चल से निकल गयी। इधर, पति-पत्नी के इस झगड़े ने तीन बच्चों से उनकी मां छीन ली। बताया जा रहा है कि गुड़िया देवी को दो पुत्री ज्योति, जया और एक पुत्र कौशिक है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## अपराध पर लगाम लगाने के साथ सूचना तंत्र को मजबूत करने का एसपी ने दिया टास्क

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर एसपी ने अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और समय पर कार्रवाई करने का टास्क दिया है। उसके लिए गांव स्तर तक सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया है। खासकर चौकीदारों को असामाजिक तत्वों की हर गतिविधियों पर नजर रखने और समय पर वरीय अफसरों को सूचित करने का निर्देश दिया है। तरारी थाने के निरीक्षण के दौरान एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है। शनिवार की दोपहर जिले के दक्षिणी इलाके का हाल जानने निकले एसपी अचानक तरारी थाना पहुंच गए। उस दौरान उन्होंने थाने का घूम-घूमकर जायजा लिया। फाइलों को खंगाला और गंभीर कांडों की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित अफसरों को पेंडिंग केस के डिस्पोजल और अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। आगामी मोहर्रम पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया।

एसपी ने चौकीदारों की परेड ली और असामाजिक तत्वों



पर नजर रखने को टास्क दिया। कहा कि अगर कोई अपराधी तत्व दिखे, जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। उसके बारे में तत्काल थानाध्यक्ष को सूचित करें और गिरफ्तारी करवायें। उसके अलावा भूमि विवाद को लेकर होने वाले विवाद और शराब के धंधेबाजों पर भी नजर रखने एवं वरीय अफसरों को सूचना देने का निर्देश दिया। कहा कि सतर्कता से अपराध की रोकथाम की जा सकती है और अपराधियों की गिरफ्तारी में भी सफलता मिल सकती है। उस काम में चौकीदारों का अहम रोल अदा करना होगा।

## बेलाउर पंचायत समिति सदस्य की हत्या में वांटेड ऋषि चौधरी ने कोर्ट में किया सरेंडर, रिमांड पर लेगी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य दीपक साह की हत्या में मोस्ट वांटेड टॉप टेन अपराधी श्रषि चौधरी ने सरेंडर कर दिया। पुलिस की दबिश के कारण उसने आरा कोर्ट में समर्पण किया है। श्रषि चौधरी बेलाउर गांव का ही रहने वाला है। वह पंस सदस्य हत्याकांड का मुख्य आरोपित है। उस पर पंस सदस्य को पार्टी के बहाने घर से बुलाकर ले जाने और गोली मार हत्या करने का आरोप है। उस मामले में वह पिछले करीब चार माह से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ उदंतनगर थाने में अन्य मामले भी दर्ज हैं। वह जिले के टॉप टेन अपराधी में

♦ **पंस सदस्य की 28 अप्रैल की शाम गोली मार कर की गई थी हत्या**

शामिल था। हत्याकांड में बेलाउर गांव निवासी सह पंचायत के मुखिया पति सहित तीन आरोपित पहले ही जेल जा चुके हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से ऋषि चौधरी के सरेंडर किये जाने की पुष्टि की है।

एसपी ने बताया कि श्रषि चौधरी कुख्यात और टॉप टेन अपराधी है। वह हत्या सहित दो मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस की दबिश के कारण उसने सरेंडर किया है। हत्याकांड का पूरा सच जानने के लिए रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जायेगी। उसे जल्द ही रिमांड पर लिया जायेगा। उसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। बता दें कि 28 अप्रैल की देर शाम बेलाउर पंचायत पूर्वी के बीडीसी मेंबर दीपक साह की हत्या कर दी गयी थी। पार्टी के नाम पर घर से बुलाकर ले जाने के बाद उन्हें गोलियों से भून दिया गया था। उस मामले में चुनावी रंजिश में बेलाउर पंचायत के मुखिया पति उपेंद्र चौधरी, कुख्यात बूटन चौधरी और श्रषि चौधरी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। घटना के अगले दिन पुलिस द्वारा मुखिया पति सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। हालांकि श्रषि चौधरी सहित अन्य आरोपित फरार चल रहे थे। उसे लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। उससे परेशान होकर श्रषि ने कोर्ट में समर्पण कर दिया गया।

## एक नजर

### मणिपुर की घटना को ले अमित शाह का पुतला दहन

**जहानाबाद।** मणिपुर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किए जाने को लेकर जिला समाहरणालय के समीप कारगिल चौक पर शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय कुमार ने केंद्र सरकार से गृह मंत्री से अपने पद से इस्तीफा देने एवं मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने क तत्काल सरकार को बर्खास्त किया जाए। पूर्व काल में महाभारत में द्रौपदी का चीर



हरण किया गया था उस वक्त द्रौपदी का इज्जत को बचाने के लिए कृष्ण को आना पड़ा था लेकिन आज 69 दिन से मणिपुर में घटना को दवाया जा रहा है सरकार मौन धारण कर लिया है। मणिपुर के महिलाओं की इज्जत को तार-तार कर दिया गया। उसके बावजूद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने एक बयान भी नहीं जारी किसी। वहीं, देश के माननीय सुप्रीम कोर्ट ने माामले पर संज्ञान लेकर नजीर पेश की। इसीलिए जन अधिकार पार्टी केंद्र सरकार सैया मांग करती है कि मणिपुर के तत्काल मौजूदा सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने का काम करें। पुतला दहन कार्यक्रम में हमारे पार्टी के जिला सचिव राकेश कुमार निराला छात्र जिलाध्यक्ष विक्की कुमार, युवा नेता शैलेंद्र यादव काको प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष घोसी चंदन कुमार यादव पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, लालू यादव, पंकज कुमार, श्रीनाथ यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आशा कार्यकताओं के द्वारा समर्पित मांग पत्र पर कार्रवाई हेतु विभाग से पत्राचार करें : डीएम


**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों को कई आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में आशा कार्यकताओं के हड़ताल पर रहने एवं जिले में कोविड-19 के समय कुरियर एवं अन्य का किये गये कार्यों के लंबित भुगतान हेतु स्वास्थ्य विभाग से आवंटन की मांग करने का निदेश



दिया। साथ ही, आशा कार्यकताओं के द्वारा समर्पित मांग पत्र पर कार्रवाई हेतु विभाग से पत्राचार करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित एएनएम कहां-कहां कार्यरत है से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बैठक में डीवीडीएमएस पोर्टल पर प्रतिदिन दवाओं के मांग एवं खर्च का डाटा प्रतिदिन अपलोड करने का निदेश सभी स्वास्थ्य संस्थानों को दिया गया है। बैठक में समीक्षा में क्रम में पाया गया कि पश्चमी काको एवं चंदौरा में डाटा अपलोड कई दिनों से नहीं किया गया है। इस संबंध में जिले के जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ईडीएल के अनुरूप उपलब्ध दवाओं का डिस्प्लेय करा कर प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निदेश दिया गया कि जहां प्रसव नहीं हो रहा है, उस स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत आशा कार्यकत्ताओं को जिनका प्रतिवेदन शून्य है, उसको चयन मुक्त करने का निदेश दिया गया। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, काको, रतनी फरीदपुर, मखदुमपुर एवं ओकरी के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक का कार्य संतोषप्रद नहीं रहने के कारण अगले आदेश तक निर्धारित उपलब्धि नहीं प्राप्त करने तक वेतन स्थगित करने का निदेश सिविल सर्जन को दिया गया।







# मैनेज का खेल... चोरी-छिपे फिर से संचालित होने लगे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

- सील होने के बाद भी अल्ट्रासाउंड सेंटरों से शुरू हो गई जांच
- भ्रूण जांच के लिए अब संचालक 12 से 15 हजार रुपए कर रहे चार्ज

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिस भ्रूण जांच रोकने के उद्देश्य से हाल ही में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर लगाम कसा था, जिले में अवैध रूप से संचालित कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी कर उसे सील किया था। वह लगाम अब ढीली पड़ गई है। इससे फिर से वही पुराना खेल शुरू हो गया है। यानी मोटी रकम लेकर फिर से भ्रूण जांच का सिलसिला शुरू हो गया है। खास बात यह है कि यह जांच सील किए गए अल्ट्रासाउंड सेंटरों से किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार चोरी-छिपे इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों से जांच की जा रही है। जानकारों की मानें तो मैनेज के खेल में आल्ट्रासाउंड का धंधा पहले की तरह ही परवान पर चढ़ गया है। जानकार बताते है कि पहले जहां भ्रूण जांच के लिए एक अल्ट्रासाउंड का चार से पांच हजार रूपया लगता था वहीं अब संचालक 12 से 15 हजार ले रहे हैं। संचालक जांच का धौंस जमा पैसे की उगाही कर रहे हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग सबकुछ जानते हुए भी मौन साधे हुए है।

जिलेभर में चोरी छिपे ही सही अल्ट्रासाउंड सेंटरों के फिर से संचालन शुरू होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है जांच के बाद मैनेज के खेल में संचालकों को वरदहस्त मिल गया है। कई पैथोलॉजी संचालक भी दबी जुबां इसे स्वीकारते हैं। सवाल तो ये भी है कि जब अल्ट्रासाउंड सेंटर सील किए गए हैं तो उनका संचालन कैसे हो रहा है। बता दें कि छापेमारी के दौरान प्रशासन ने डुमरांव के आधा दर्जन से अधिक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया था। इसके बाद भी इनमें कई को चोरी छिपे संचालन हो रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी फिर से कुकुरमुत्ते की तरह जांच घर उग आए है। सूत्रों की मानें तो ये संचालक मैनेज के खेल में न सिर्फ मरीजों का शोषण कर रहे है बल्कि कई नामी गिरामी डाक्टर भी इनके संपर्क में है तथा मोटे कमीशन के लालच में इन तक मरीजों को पहुंचा रहें है।

### बिना मानक के संचालित दर्जनों अल्ट्रासाउंड सेंटर हुए थे सील

मई के आखिरी सप्ताह में डीएम के निर्देश पर जिलेभर में अल्ट्रासाउंड करने वाले जांच घरों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान बिना डॉक्टर या बिना मानक के संचालित होने वाले दर्जनों अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील किया गया था। इस कार्रवाई के बाद संचालकों में हड़कंप मच गया था। लेकिन प्रशासन द्वारा सेंटरों को सील करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कुछ दिन बाद से ही ये अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक फिर से चोरी छिपे सक्रिय हो गए हैं।

### क्या कहते हैं सीएस

सील किए गए अल्ट्रासाउंड सेंटरों के फिर से संचालन की जानकारी नहीं मिली है। विभाग के पास हैंड का अभाव है। जल्द ही इसकी जांच के लिए एक टीम बनाई जाएगी।

**– डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा, सीएस, बक्सर**

## एक नजर

### डुमरांव रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेलयात्री कल्याण समिति ने किया सद्बुद्धि हवन




**डुमरांव।** नगर के जंगली नाथ शिव मंदिर में रेल यात्री कल्याण समिति द्वारा डुमरांव रेलवे स्टेशन तथा डुमरांव अनुमंडल के विकास हेतु जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए सद्बुद्धि हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ से कुबुद्धि का नाश एवं सद्बुद्धि की कामना के साथ डुमरांव स्टेशन व डुमरांव अनुमंडल के विकास में बाधक नकारात्म विचारों का त्याग करने के उदेश्य से मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में तरह-तरह की आहुतियां दी। इस कार्यक्रम में आचार्य की भूमिका का निर्वहन पंडित कैलाशपति पाण्डेय ने किया। इस बारे में समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार श्रावण मास एवं पुरुषोत्तम मास के दुर्लभ संयोग पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें सनातन की परंपरा के अनुरूप विकास के लिए जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का किसी और तरीके से विरोध न कर उनके नकारात्मकता का नाश करने, उनकी सुसुप्त आत्मा को जगाने एवं उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए सद्बुद्धि हवन किया गया। जिससे डुमरांव अनुमंडल के साथ साथ डुमरांव रेलवे स्टेशन का समुचित विकास हो सके। हवन कार्यक्रम में यजमान के रूप में शामिल लोगों में रेल यात्री कल्याण समिति डुमरांव के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, वरीय सदस्य समाजसेवी राजकुमार कुंवर, सुनील सिद्धार्थ, मनोज पाठक, जितेंद्र दुबे, प्रिंस पीयूष, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, मंतोष सिंह, विकास पाठक, अभिनंदन मिश्र, शुभम कुमार, शंकर प्रसाद, मनोरंजन शर्मा, मोनू सिंह, पवन जायसवाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रीतेश सिंह, सोनू राय, दुरासन के उप मुखिया प्रतिनिधि राजधारी यादव के अलावा दर्जनों स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग शामिल थे ।

### पत्रकार पुत्र के निधन पर जताया शोक

**डुमरांव।** शुक्रवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा के पास गंगा में डूबने से डुमरांव के पत्रकार मनोज मिश्र के पुत्र विकास मिश्र समेत दो अन्य किशोरों की मौत हो गई थी। शनिवार को डुमरांव के पत्रकारों ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को इस असह्य कष्ट को सहने की शक्ति भगवान से देने की प्रार्थना की। पत्रकारों ने इस घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। शोक जताने वालों में अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष रविशंकर श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार सिंह, अनिल कुमार ओझा, अशोक कुमार, अमर केशरी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजीव कुमार भगत, दयाशंकर प्रसाद, सुजीत केशरी, संजय कुमार, अरबिंद कुमार चौबे, रजनी कांत दूबे, अमित सिंह, संजय कुमार, विनय कुमार, प्रकाश कुमार बादल, वरूण सिंह, रविन्द्र दूबे, श्रीकांत दूबे, मनीष कुमार समेत कई अन्य पत्रकार शामिल रहे।

## चेतावनी बिंदु से महज चार मीटर दूर है गंगा, तैयारी में जुटा प्रशासन

# उतर काशी में बादल फटने से गंगा में बढ़ा बाढ़ का खतरा

- शनिवार को 3 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था पानी
- 55.4 मीटर तक पहुंचा जलस्तर
- बाढ़ से सबसे पहले चौसा प्रखंड का बनारपुर व सदर के चकरही का इलाका होता है प्रभावित

**केटी न्यूज/बक्सर**







उतर काशी मे बादल फटने के बाद गंगा में बाढ़ आने की संभावना बढ़ गई है। वैसे भी गंगा का जलस्तर लगातर बढ़ रहा है। लेकिन शनिवार को जलस्तर वृद्धि में प्रति घंटे एक सेमी की गिरावट आई है। केन्द्रीय जल आयोग के आंकड़ों की मानें तो शुक्रवार की रात तक जहां जल स्तर 4 सेमी प्रति सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा था वहीं शनिवार को यह रफ्तार घटकर 3 सेमी प्रति घंटे रह गया है। केन्द्रीय जल आयोग ने शनिवार की शाम 4 बजे जलस्तर 55.4 मीटर रिकार्ड किया है, जो चेतावनी बिंदू 59.32 मीटर से महज 4 मीटर दूर रह गया है। यदि जलस्तर इसी रफ्तार से बढ़ा तो अगले गुरूवार तक गंगा चेतावनी बिंदू को पार कर सकती है।

केन्द्रीय जल आयोग के कनीय अभियंता प्रशांत चौरसिया ने इसकी पुष्टि की है। वही संभावित बाढ़ के खतरें को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सदर एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि बाढ़ से सबसे पहले चौसा प्रखंड का बनारपुर व सदर प्रखंड का चकरही का इलाका प्रभावित होता है। लिहाजा दोनों जगहों पर नाव की व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावे बाढ़ से प्रभावित होने वाले अन्य क्षेत्रों में भी तैयारी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश तथा बादल फटने से यह गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है, जिस पर प्रशासन की नजर है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पूर्व की तैयारियां कर ली गई है। सभी संभावित इलाकों में हर जरूरी चीजें तैयार कर ली गई है। इसके अलावे पर्याप्त मात्रा में नाव व आश्रय स्थल की व्यवस्था भी कर ली गई है। बाढ़ आने के बाद राहत व बचाव कार्यों में कोताही नहीं की जाएगी।

**जलस्तर बढ़ने से सहमें है इलाकाई लोग:** गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों के लोग सहमें हुए है। दियारावासी बाढ़ की संभावना से जरूरी तैयारियां तथा सुरक्षित ठिकानों की तलाश कर रहे है। बता दें कि बाढ़ आने पर सदर प्रखंड के अलावे चौसा, सिमरी, चक्की तथा नैनीजोर के तटवर्ती इलाकों में भारी तबाही मचती है। इस दौरान जान माल के नुकसान के साथ ही फसलों की क्षति भी होती है। इस बार गंगा के जलस्तर के लगातार बढ़ने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश से बाढ़ की आने की संभावना बढ़ गई है।

### क्या कहते हैं एसडीएम

बाढ़ पूर्व की तैयारियां कर ली गई हैं। प्बाढ़ से सबसे पहले सदर प्रखंड का चकरहसी तथा चौसा का बनारपुर प्रभावित होता है। लिहाजा वहां नावों की तैनाती की गई है। इसके अलावे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में नाव तथा प्रभावित लोगों के सुरक्षित ठहराव के लिए वैकल्पिक आश्रय स्थल चिन्हित कर लिए गए है।

**– धीरेन्द्र कुमार मिश्र, एसडीएम, बक्सर**

# यात्री बस व ऑटो की टक्कर में चालक समेत चार जख्मी




**केटी न्यूज/चौसा**

शनिवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा-बक्सर हाईवे पर बहादुरपुर के पास एक यात्री बस और ऑटो की सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में टेम्पो चालक समेत कुल चार यात्री गंभीर रूप से जख्मी हुए है। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना बहादुरपुर तीखा मोड़ के पास शाम करीब 4.30 बजे की है।

जानकारी के अनुसार सासाराम से बक्सर की ओर जा रही यात्री बस विपरीत दिशा से आ रही यात्रियों से भरी टेम्पो में टक्कर मार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक वाहन छोड़ फरार हो गया है। ग्रामीणों द्वारा ऑटो में पीछे बैठे तीन यात्रियों को निकाल पहले इलाज के लिए चौसा पीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जबकि दुर्घटना में टेम्पो में फंसे चालक को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला और इलाज के लिए सदर अस्पताल भेंज दिया। इस घटना की सूचना पर पहुंची मुफ्फसिल पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। जख्मियों में यूपी बारा निवासी प्रमोद यादव 21 वर्ष, यूपी दिलदार नगर निवासी शिवकुमार 50 वर्ष तथा बक्सर निवासी 20 वर्षीय कृष्णा ठाकुर व ऑटो चालक चौसा निवासी 35 वर्षीय राजू माली शामिल है। ऑटो चालक राजू की स्थिति अब भी गम्भीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद लोगों में बेलगाम परिचालन के प्रति गहरा आक्रोश है।

### पीठारी गांव में जमीन विवाद में गरजीं बंदूकें, तीन गिरफ्तार

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के पीठारी गांव में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी हो गयी। जिसमें तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही बंशीधर उर्फ धुरान सिंह एवं दूसरे पक्ष के बबन साह के बीच पिछले कई वर्षों से बिहार सरकार की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी जमीन पर जब भी खेती बारी शुरू होता है। उस समय दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती है। इस बार भी पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते दोनों तरफ से गोलीबारी भी हो गई। गोलियों की तड़तड़ाहट से बधार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इसे लेकर दोनों पक्ष ने थाने में पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के बंशीधर उर्फ धुरान, नीरज कुमार सिंह एवं दूसरे पक्ष के बबन साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने बताया कि दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस इस मामले की पड़ताल कर रही है।

## डीएम एसपी ने की लोक शिकायत की समीक्षा, दिए निर्देश

# भूमि विवाद मामलों के निपटारे के लिए हर शनिवार को लगे जनता दरबारः डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**




शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति, भूमि विवाद, विधि व्यवस्था, लोक सेवा केंद्र एवं लोक शिकायत की समीक्षा की गई। यह समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने भूमि विवाद संबंधित मामलों के निपटारे का निर्देश दिया और कहा कि यदि एक अंचल में दो थाने हैं तो प्रत्येक शनिवार को आयोजित जनता दरबार में एक में सीओ तथा दूसरे में आरओ उपस्थित रहकर भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई करें।

वहीं एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम की समीक्षा की गई। लोक शिकायत निवारण में बक्सर पूरे राज्य में पांचवे स्थान पर है। जिला पदाधिकारी ने रैंकिंग सुधारने तथा जिले को अव्वल लाने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। मापी व अतिक्रमण के लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करने एवं नियमानुसार समयबद्ध नोटिस निर्गत करने को कहा। आरटीपीएस की समीक्षा की गई। आरटीपीएस के आवेदनों के निष्पादन में बक्सर पूरे राज्य में सातवें स्थान पर हैं।

जिला पदाधिकारी ने आरटीपीएस के लंबित आवेदनों का नियमानुसार, ससमय निष्पादन करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। डीएम ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों का निष्पादन करने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुनवाई करने को कहा। विद्यालय वाहन परिचालन के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को बक्सर जिला अंतर्गत सभी निजी विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। जिससे सभी की विभागीय नियमानुसार व निदेशों के अनुपालन की जांच कराई जा सकें।







# रहें सतर्कः लापरवाही डेंगू को बना सकती है जानलेवा, करें बचाव

**केटी न्यूज/बलिया**

डेंगू वा संचारी रोगों के प्रति जागरूकता के क्रम मे शनिवार को मनियर इंटर कॉलेज मनियर में जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव द्वारा कॉलेज प्राचार्य श्री हरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कॉलेज प्रवक्ता डॉ सुशील कुमार पांडेय के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सभी अध्यापक गण एवं 100 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मलेरिया निरीक्षक सुशील कुमार यादव ने भी पोस्टर पैंफलेट बैनर के माध्यम से जागरूकता फलाने का कार्य किए एवम एंटीलावरल रसायन का छिड़काव कराए।

इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने कहा कि डेंगू से डरने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की आवश्यकता है।



लक्षण नजर आते ही अगर अस्पताल की सेवाएं ली जाएं तो बीमारी गंभीर नहीं होने पायेगी। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के मरीज, गर्भवती डेंगू के लक्षण दिखते ही अविलंब अस्पताल की सेवा लें। ऐसे मरीजों में डेंगू के कारण जटिलताएं बढ़ने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि वैसे तो डेंगू एक साधारण बीमारी है, लेकिन इलाज में लापरवाही से यह गंभीर रूप अख्तियार कर लेती है। अगर अचानक तेज बुखार, सर दर्द, हड्डियों में दर्द के साथ आंखों के पीछे तेज दर्द हो तो मरीज को डेंगू की जांच अवश्य करानी चाहिए। बुखार की स्थिति में चिकित्सक के सलाह पर ही दवा लेनी है। दर्द निवारक एवं खून पतला करने वाली दवा का सेवन बिल्कुल नहीं करना है क्योंकि यह विपरीत असर करती हैं और जानलेवा साबित होती हैं। डेंगू बुखार होने पर पूरी तरह से आराम करें,अधिक से अधिक तरल पदार्थों जैसे ताजे फलों का जूस, दाल का जूस,नारियल पानी,दूध, छाछ, ओ आर एस घोल का सेवन करें ,ज्यादा तली भुनी चीजें,गरिष्ठ भोजन ,बाहर की खाद्य सामग्री का सेवन न करें,प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करने वाले अन्य उपाय अपनाएं ।

**लक्षण दिखने पर तुरंत कराएं उपचार :** जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने कहा कि डेंगू का लक्षण दिखने पर त्वरित इलाज होना चाहिए ताकि दूसरे लोग संक्रमित न होने पाएं। उन्होंने कहा कि लोगों में यह भ्रम है कि डेंगू के हर मरीज को प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है। किसे प्लेटलेट चढ़ना है और किसे नहीं चढ़ना है, यह अलग-अलग केस पर निर्भर करता है। अगर मरीज सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर आता है तो उसे प्लेटलेट चढ़ाने के लिए या गंभीर स्थिति में ही जिला अस्पताल रेफर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों का प्रयास हो कि छोटे जल स्त्रोतों में साफ पानी का ठहराव न होने पाए। लोग पूरे बांह के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके बाद भी अगर डेंगू का लक्षण नजर आ रहा है तो खुद से दवा न लें, तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि जिले मे वर्ष 2020 में 20 डेंगू मरीज, 2021में 99 डेंगू मरीज, 2022में 199 डेंगू मरीज , 2023 में 1जनवरी से अब तक 2 डेंगू मरीज मिले हैं।

## एक नजर

### चेयरमैन ने की शिव-पार्वती की आरती

**मऊ।** चिरैयाकोट नगर से शनिवार को कावंरियों का जत्था गंगाजल लाने के लिए गाजे बाजे व भव्य जुलूस के साथ गाजीपुर रवाना हुआ। सर्वप्रथम खाकी बाबा की कुटी पर मंदिर समिति व कांवरिया संघ द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष रामप्रताप यादव का भव्य स्वागत किया गया। जिसकी अध्यक्षता कुटी के अध्यक्ष कतवारू सेठ तथा संचालन अशोक कुमार 'अश्क चिरैयाकोटी' एडवोकेट ने किया। तत्पश्चात चेयरमैन ने शिव-पार्वती तथा राधा-कृष्ण की आरती किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र यादव,भुवाल मद्धेशिया, रामसेवक यादव, रविन्द्र मौर्य, दीपक गुप्ता डायमंड, आकाश वर्मा, सूरज मद्धेशिया, विक्की गुप्ता, सागर मौर्य, नरायन जायसवाल, बहादुर कन्नौजिया महेन्द्र मौर्य, मनीष चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे। जुलूस में खाकी बाबा कुटी कांवरिया संघ, सब्जी मंडी कांवरिया संघ व खरिहानी त्रिमुहानी कांवरिया संघ द्वारा भव्य रूप से सजायी गयीं सजीव झांकियां आकषर्ण का केन्द्र रहीं। सभी कांवरिया डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर भक्तिरस में सराबोर होकर नाचते झूमते बोल बम का जयकारा लगाते हुए, गंगाजल लाने के लिए गाजीपुर रवाना हो गए। इस दौरान पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।



### जन्मदिन, शादी या हर विशेष मौके पर लगाएं पौधे, करें उनका संरक्षण: दयाशंकर



**बलिया।** जिले में वृक्षारोपण अभियान शनिवार को एक पर्व की तरह धूमधाम से मनाया गया। जगहजगह सरकारी कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए गए। आम लोगों ने इस दिवस पर पौधे लगाकर सरकार के वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता दर्ज कराई। प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने बसंतपुर में आयोजित जनजागरुकता एवं बाल पौधरोपण भंडारा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने कुलपति संजीत गुप्ता, विधायक केतकी सिंह, जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत बलिया जिले में 40 लाख, जबकि पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले क्षेत्र का सर्वाधिक अभाव था, जिसे दूर करने के लिए योगी सरकार ने विशेष मुहिम चलाई। इसमें लोगों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपील किया कि परिवार में जब भी जन्मदिन, शादी अथवा कोई विशेष दिन हो, इस नाम पर पौधा जरूर लगाएं। प्रभारी मंत्री ने बसंतपुर में स्कूली बच्चों को निःशुल्क पौधा वितरित करने के बाद उनसे बातचीत करते हुए कहा कि पौधों को लगाने के साथ उसकी हिफाजत करना भी बहुत जरूरी है। संपूर्ण मानव जीवन बचाने के लिए पौधे लगाना और उनको बचाना बहुत जरूरी है। मंत्री के हाथों पौधा पाकर और उनसे पेड़ों के महत्व पर बातचीत कर बच्चे भी काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में पौधे लगाने के साथ-साथ वर्षा के पानी के संरक्षण को भी प्रेरित किया।

## खबरें फटाफट

### कटानरोधी कार्य का मंत्री ने किया निरीक्षण

**बलिया।** प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र ने सुल्तानपुर दियारे में सरयू नदी से हो रहे कटान का जायजा लिया। इसके बाद रेंगहा में हो रही कटान और वहां कराए जा रहे कटानरोधी कार्य का निरीक्षण किया। नदी में डाली जा रही बोरी की गुणवत्ता को परखा। निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता हमेशा बेहतर से बेहतर रखें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने बाढ़ खंड के अलावा तटवर्ती लोगों से जरूरी जानकारी ली। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में बंधा और आबादी पर बाढ़ का असर नहीं पड़ना चाहिए। तटबंध और आबादी पूरी तरह सुरक्षित रहे, यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन के अलावा बाढ़ खंड हमेशा अलर्ट मोड पर रहे। तटबंधों की निगरानी 24 घंटे हो। अधिशासी अभियंता संजय मिश्र ने बताया कि सुल्तानपुर के सामने दो ठोकर का प्रस्ताव गया है। स्वीकृत होने के बाद निश्चित रूप से इधर कटान में कमी आएगी। रेंगहा में हो रहे कटानरोधी कार्य को देखा और संतोष जाहिर किया।

### जदयू के नए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने अवलेश सिंह

**बलिया।** वर्तमान प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह को ही जदयू उत्तर प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया है। लोकसभा चुनाव -2024 में मिशन मे जुटे जदयू ने भी अपनी सभी किल काठी मजबूत कर ली है, इसी कड़ी मे जदयू ने संगठन मे कुछ बदलाव किया है, अवलेश सिंह को पार्टी का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जदयू के प्रदेश संयोजक सतेंद्र पटेल ने बृहस्पतिवार को अवलेश सिंह की नियुक्ति का आदेश जारी किया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में एक अनुभवी और कद्दावर नेता के साथ ऐसे नेता की तलाश थी जो वोट बैंक के लिहाज से भी मुफीद हो ।कार्यकर्ता और संगठन में तालमेल बनाने के साथ पार्टी और विचार परिवार के संगठनों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतर सकता हो।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष व सपा के राष्ट्रीय सचिव ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# डबल इंजन की सरकार रही तो पूरे देश की स्थिति मणिपुर जैसी होगी: रामगोविंद

**केटी न्यूज/बलिया**

■ कहा-डबल इंजन की सरकारों का कानून व्यवस्था और संविधान पर विश्वास नहीं

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि देश में डबल इंजन की सरकार बनी रही तो आने वाले दिनों में पूरे देश की स्थिति मणिपुर जैसी होगी। उन्होंने कहा है कि देश को इस स्थिति से बचाना है तो जो जहां है, वहीं लोगों को समझाए कि डबल इंजन की सरकारों का कानून व्यवस्था और संविधान में विश्वास नहीं है।

शनिवार को अपने निजी आवास पर पत्रकारों और सामाजिक कार्यकताओं से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि गत चार मई को मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने का वीडियो केवल कानून व्यवस्था पर नहीं, सम्पूर्ण मानवता के माथे पर कलंक है। इसके लिए मणिपुर सरकार के साथ ही भारत सरकार भी दोषी है। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि वह इस मामले को स्वयं संज्ञान में लें और दोषीजनों के साथ ही दोनों सरकारों के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई



करें। सपा के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि पीड़ित महिलाओं को मणिपुर पुलिस की जीप से उतारा गया। उनके बचाव में आगे बढे उनके परिजनों की हत्या की गई। निर्वस्त्र कर परेड कराया गया और राज्य सरकार की पुलिस मूक दर्शक बनी रही। राज्य की कानून व्यवस्था के लिए यह घटना चुल्लू भर पानी में डूब मरने वाली बात है। उन्होंने कहा कि इस हृदय विदारक मामले में ढाई महीने तक भारत सरकार भी चुप्पी साधे रही। इस चुप्पी को लेकर भारत सरकार की भी जितनी निंदा की जाए, कम है।

**दोनों सरकार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग :** सपा के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, उसका पहला दायित्व है, कानून व्यवस्था का राज कायम करना। देश में जब से डबल इंजन की सरकार आई है, उसका पहला दायित्व हो गया है, कानून व्यवस्था के संरक्षण में कमजोर वर्ग को टार्गेट कर उत्पीड़ित करना और कराना। सरकार के इस रवैये से अराजक तत्वों का हौसला चरम पर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के इसी रवैये की वजह से मणिपुर महीनों से हिंसा की आग में जल रहा है और दोनों सरकारें केवल बयानबाजी कर रही हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा है कि मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति बहाल करना डबल इन्जन की सरकार के वश का नहीं है। इसलिए मैं महामहिम राष्ट्रपति जी से आग्रह कर रहा हूँ कि वह मणिपुर की स्थिति को स्वयं संज्ञान में लें और कानून व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के लिए दोषीजनों के साथ ही इस मामले में चुप्पी साधे रहने के लिए दोनों सरकारों के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करें। जिससे देश पर लगे इस कलंक को कम किया जा सके।

### मणिपुर में जो कुछ हुआ वह बेहद निंदनीय

**बलिया।** मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर अन्य दल भी अब सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे हैं। इसी क्रम में भाकपा माले व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी आंदोलन के मैदान में कूद गए हैं। हर जुबान से बस एक ही आवाज बुलंद हो रही है कि मणिपुर के सीएम इस्तीफा दे। जनपद में भाकपा माले वह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन भी किया साथ ही गृह मंत्री अमित शाह को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जो कुछ हुआ वह बेहद निंदनीय है। यह घटना प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सरकार की असफलता को दशार्ता है। यदि सरकार का प्रशासन पर नियंत्रण होता तो इस प्रकार की घटना नहीं घट सकती थी।

# मछली मारने की बंशी में क्षत-विक्षत हालत में फंसा मिला तीन दिन पहले डूबे बालक का शव

**केटी न्यूज/बलिया**

बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर में घाघरा नदी में बुधवार को डूबे दूसरे बालक 10 वर्षीय रवि राजभर का शव रेवती थाना क्षेत्र के रतिछपरा चट्टी से पूरब नदी में शनिवार की सुबह मछली मारने की बंशी में फंसा हुआ बरामद हुआ।

नदी में मोनू मछली का शिकार के लिए काटा (बंशी) लगाया था। शव बहते हुए कांटे में फंस गया। सुबह शव मिलने की खबर मिलने के बाद रेवती थाने के एसएचओ हरेंद्र सिंह व एसआई धर्मेंद्र दत्त शिनाख्त का प्रयास कर रहे थे। इसबीच शव की तलाश में निकले मृतक का पिता विश्वकर्मा राजभर अपने गांव के सतीश, गुड्डू, शत्रुध्न, बालिंद्र के साथ पहुंचे तथा उसकी शिनाख्त किया। कुत्ते आदि जानवरों ने नोच-नोच कर शव को क्षत विक्षत कर दिया था। कमर में मौजूद



काले रंग की पैंट से उसकी पहचान हुई। वैसे शव निकालते समय वह पैंट भी नदी में बह गया। सारी औनपचारिकता पूरी करने के बाद रेवती पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बालक के साथ डूबे विकास का शव शुक्रवार की सुबह जयनगर से बरामद हुई थी तथा रवि की तलाश किया जा रहा था।

**मृत बालकों के परिजनों से मिले मंत्री व विधायक :** बांसडीह थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के घाघरा नदी तट पर बाढ़ के पानी में डूबे दोनों बालकों के घर शनिवार को प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु व विधायक केतकी सिंह ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दिया तथा ढ़ाढस बंधाया। उन्होंने एसडीएम बांसडीह राजेश गुप्ता को निर्देश दिया कि तत्काल आपदा कोष से सहायता राशि दी जाए। किसी भी हालत में विलम्ब न होने पाए। विधायक केतकी सिंह ने परिवार की महिलाओं से मिलकर सबको हिम्मत बनाए रखने को कहा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# जनपद में 10 ब्लैक स्पॉट के कार्यों की मिली है स्वीकृति

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन स्थिति से समिति को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रांतीय एवं निर्माण खंड के कुल 10 ब्लैक स्पॉट के कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिसके सापेक्ष निर्माण खंड के दोनों ब्लैक स्पॉट पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं। प्रांतीय खंड के अंतर्गत 7 ब्लैक स्पॉट सुधार कार्य हेतु अनुबंध गठन कर लिया गया है। जिसमें कार्य प्रगति पर है एवं शेष एक ब्लैक स्पॉट का कार्य अभी टेंडर प्रक्रिया में है। इस दौरान एआरटीओ ने बताया कि माह जून में



हेलमेट के अभियोग में 600, सीट बेल्ट के अभियोग में 214, तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियोग में 95 वाहनों का चालान किया गया।

इसी क्रम में हूटर प्रेशर हॉर्न में 16, नो पार्किंग में खड़े 44 वाहनों का चालान, 120 वाहनों से काली फिल्म उतरवाने तथा काली फिल्म लगे 113 वाहनों का भी चालान किया गया। शहर की एंट्री एंड एग्जिट प्वाइंट्स पर लगे स्पेशल टीम द्वारा विभिन्न अभियोगों में कुल 11851 चालान किए गए तथा बिना नंबर प्लेट एवं एचएसआरपी के अभियोग में 77 वाहनों का चालान किया गया। बैठक के दौरान यातायात निरीक्षक ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत माह जून में कुल 11851 ई चालान किया गया तथा हेलमेट में कुल 7652 चालान किए गए। सीट बेल्ट में माह जून में 232 तथा ब्लैक फिल्म लगे कुल 75 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा दो पहिया वाहनों पर अधिक सवारी के अभियोग में कुल 776 वाहनों का चालान किया गया।

जिलाधिकारी ने एआरटीओ व यातायात निरीक्षक को सभी प्रकार के अभियोग में चालानों की वृद्धि करने के निर्देश दिया। उन्होंने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ट्रैफिक सिग्नल हेतु प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने शहर में मल्टी लेवल पार्किंग हेतु किसी कार्यदाई संस्था से स्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिक्षक अभिभावक मीटिंग में सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों के साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए।



# एमडीए से पूर्व सभी प्रखंडों में गठित कर लें रैपिड रिस्पॉन्स टीम : सिविल सर्जन

- एमडीए को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
- प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारी प्रखंड स्तर पर आशाकर्मियों को करेंगे प्रशिक्षित



**केटी न्यूज/बक्सर**

10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को सफल बनाने के लिए जिलास्तर पर तैयारियां जोरों पर है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर तक स्वास्थ्य कर्मियों व फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में एक दिवसीय टीओटी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार, डब्ल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण कुमार व पिरामल डीपीओ चंदन कुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि सभी प्रखंडों को मांग के अनुरूप दवाओं का स्टॉक उपलब्ध कराएं। ताकि, समय पर अभियान को शुरू किया जा सके। साथ ही, सभी प्रखंड के एमओआईसी की जिम्मेदारी है की वो निर्धारित अवधि में संबंधित प्रखंडों का माइक्रोप्लान जिला को उपलब्ध कराएं। जिसके आधार पर अभियान की रूप रेखा तय की जा सके। उन्होंने सभी प्रखंडों में एमडीए से पूर्व रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन करने का निर्देश दिया।

**फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण देना महत्वपूर्ण :** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग कर रही डब्ल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण कुमार ने फाइलेरिया अभियान को सफल बनाने के लिए फ्रंटलाइन वर्कर्स के प्रशिक्षण संबंधित माइक्रो प्लान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण में इस बात का ध्यान अवश्य रखा जाए की किस प्रकार और किस स्तर से फ्रंटलाइन वर्कर्स का उन्मुखीकरण किया जाए की वो अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा सके। अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स ही घर घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगे। इसके लिए उन्हें एमडीए अभियान के तहत दी जाने वाली दवाओं को खिलाने के तरीके ठीक से बताएं। जिससे अभियान के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

**सभी को सहयोग देने की जरूरत :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, और यह एक बार हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता है। इसलिए इस बीमारी को रोकने के लिए हम सभी को इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि माइक्रो प्लान के तहत कार्य किया जाए और आशाकर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्रशिक्षण में पीसीआई के डीएमसी मोहम्मद शादाब आलम, पिरामल के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अतुल सिंह समेत जिले के एमडीए अभियान के लिए चयनित प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम व वीबीडीएस मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुहर्रम को लेकर नया भोजपुर ओपी में शांति समिति की बैठक, एसडीपीओ ने दिए निर्देश



**डुमरांव।** मुहर्रम को लेकर शनिवार को नया भोजपुर ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कई निर्देश दिए। मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी रघुवर प्रसाद ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है। पर्व के दौरान प्रशासन ने जारी निर्देश का पालन करते हुए ताजिया तय मार्ग से ही ले जाने की अपील की। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि इस दौरान किसी भी तरह के हथियार की हवाबाजी करने पर कानूनी कारवाई करते हुए शस्त्र की अनुज्ञप्ति को भी रद्द किया जायेगा। इसके साथ ही एसडीपीओ ने मौके पर मौजूद बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार को भी तय मार्ग पर बिजली के जर्जर उपकरणों को जल्द से जल्द बदलने का निर्देश दिया। इस अवसर पर आस पास के इलाके के गण्यमान्य बुद्धजीवी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी लोगों ने शांतिपूर्वक मिलजुलकर त्योहार मनाने की वचन्वद्धता दोहराई। मौके पर भरत चौधरी, इस्लाम अंसारी, कृष्ण शर्मा, इमरान मास्टर, प्रदीप वर्मा सहित अन्य कई सदस्य मौजूद रहें।

### बाइक के धक्के से दो जख्मी, एक की हालत गंभीर

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अटांव गांव में शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से दो अधेड़ जख्मी हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। बक्सर सदर अस्पताल में प्राथकिम इलाज के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर बनारस गए है। दुर्घटना को अंजाम देने वाला बाइक चालक भी इसी गांव का रहने वाला है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी। जानकारी के अनुसार शनिवार को अटांव का एक युवक से डुमरांव गया था। लौटने के दौरान शाम करीब चार बजे वह गांव के बाहर जमुनी मोड़ के पास सामने से आ रहे गांव के ही 60 वर्षीय राधेश्याम सिंह महतो तथा 50 वर्षीय विजय सिंह महतो को धक्का मार दिया। जिसमें राधेश्याम को गंभीर चोटें आई है जबकि विजय आंशिक रूप से जख्मी हुए है। इस घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा तत्काल गंभीर रूप से जख्मी राधेश्याम को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया है।

### टेंपो और बाइक की टक्कर में स्कूटी सवार घायल

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय मिठाईयां पुल के पास शनिवार को एक टेंपो और स्कूटी में टक्कर हो गई। टक्कर में स्कूटी सवार 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केसठ निवासी संतोष तुरहा का 15 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार किसी कार्य से स्कूटी से मिठईया पुल तरफ जा रहा था। कि अचानक सोनवर्षा की तरफ से आ रहे एक टेंपो से धक्का लग गया। जिससे गिरकर घायल हो गया।

## 470 पीस अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय पुलिस व डीआईयू की संयुक्त टीम की छापेमारी में एक कारोबारी को 470 पीस अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पूरे दिन पुलिस की टीम अलग-अलग ठिकानों पर टोह लेती रही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। लेकिन छापेमारी दस्ता का अचानक साफाखाना रोड मोहल्ले में आने के बाद हड़कंप मच गया। टीम चिन्हित जगह पर छापेमारी की तो उसे बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने वहां से ऐट पीएम टेट्रा पैक की 470 पीस शराब बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी डुमरांव के ठठेरी बाजार का रहने वाला आकाश कुमार जायसवाल बताया जाता है। पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी से कड़ी पूछताछ शुरू की और इसके निशानदेही पर अन्य कई जगहों पर छापेमारी की गयी। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि शराब के मामले में किसी को भी बख्शा नही जायेगा। गठित टीम धंधेबाजों के खिलाफ अभियान चलाया है।



## 18 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने सारा गांव में छापेमारी कर 18 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर गांव के मुकेश चौधरी है। जिसपर पुलिस ने शराब तस्करी मामले में नामजद एफआईआर दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर घर के आगे गली में बैठ कर शराब बेंच रहा था। जिसकी गुप्त सूचना ओपी पुलिस को मिली। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने अपने जवानों के साथ उक्त गांव के चिन्हित स्थान पर तत्काल छापेमारी किया। जिसमे मुकेश चौधरी को 18 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथ पुलिस ने धर दबोचा।

### बारालेव मौजा में चिन्हित 25 एकड़ जमीन वन विभाग को हस्तांतरित

# ब्लैक बग को संरक्षित करने के लिए नावानगर में बनेगा मृग अभ्यारण्य

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दुर्लभ काले हिरणों ( ब्लैक बग ) के साथ ही सामान्य हिरणों तथा नीलगाय जैसे जानवरों के अनुकूल माहौल में संरक्षण की कवायद शुरू हो गई है। नावानगर के बारालेव मौजा में बियाडा के 25 एकड़ के भूभाग पर जल्द ही वन विभाग अभ्यारण्य निर्माण शुरू कराएगा। इस मामले में बक्सर के पूर्व डीएम अमन समीर के पहल पर राज्य सरकार अभ्यारण्य निर्माण की स्वीकृति दे चुकी है। जिसके बाद उद्योग विभाग ने भी बारालेव मौजा में पूर्व डीएम द्वारा अभ्यारण के लिए चिन्हित किए गए 25 एकड़ के उक्त भूभाग को वन विभाग को हस्तांतरित कर दिया है। माना जा रहा है कि वन विभाग जल्दी ही अभ्यारण की घेराबंदी व निर्माण शुरू कराएगी। जिसमें हिरणों, ब्लैक बग तथा नीलगायों जैसे जंगली जानवरों के अलावे अन्य शाकाहारी आवारा पशुओं का संरक्षण प्राकृतिक माहौल में होगा। अभ्यारण निर्माण के दौरान वन विभाग उनके अनुकूल वातावरण तथा आश्रय के साथ ही भोजन की समुचित व्यवस्था का ध्यान भी रखेगा। इस अभ्यारण्य में हिरण, काले हिरण व नीलगाय जैसे जानवर स्वच्छंद रूप से विचरण कर सकते है। अभ्यारण बनने के बाद यह पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा।

**नावानगर में काले हिरणों को देख 2 साल**



**पहले पूर्व डीएम ने दिया था प्रस्ताव:** बता दें कि नावानगर में बियाडा की कुल 491 एकड़ जमीन है। 24 फरवरी 2021 को बक्सर के तत्कालीन डीएम अमन समीर उक्त जमीन का निरीक्षण करने नावानगर गए थे। इस दौरान उन्होंने नावानगर में बड़ी संख्या में हिरणों व नीलगायों के झूंड तथा काले हिरणों को भी देखा। जिसके बाद उनके मन में दुर्लभ श्रेणी में शामिल काले हिरणों के संरक्षण की बात आई तथा उन्होंने आथर के पास स्थित बारालेव मौजा के 25 एकड़ के भूभाग का चयन अभ्यारण्य निर्माण के लिए किया तथा राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा। जिस पर राज्य सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है तथा बियाडा ने उक्त जमीन भी वन विभाग को हस्तांतरित कर दी है। अब वन विभाग जल्दी ही इस पर अभ्यारण्य का निर्माण शुरू कराएगा।

**जंगली जानवरों के संरक्षण के साथ ही किसानों को भी मिलेगा लाभः** बता दें कि इस अभ्यारण्य के निर्माण से हिरण व नीलगाय जैसे जंगली जानवरों का जहां संरक्षण होगा वही किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि हिरण, नीलगाय तथा अन्य आवारा पशुओं द्वारा हर साल बड़े पैमानें पर फसलों को निवाला बनाया जाता है। जिससे किसानों को बड़ा नुकसान होता है। खून पसीने की कमाई जानवरों का निवाला बनने से किसानों में गहरा आक्रोश रहता था। लेकिन अब अभ्यारण निर्माण के बाद जंगली जानवर जहां स्वच्छंद वातावरण में विचरण कर सकेंगे वही दूसरी तरफ किसानों की फसलें भी बच जाएगी। अभ्यारण निर्माण की बात सामने आते ही वन्य जीव प्रेमियों तथा इलाकाई किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**क्या कहते हैं जिलाधिकारीः** हिरणों के संरक्षण के लिए उद्योग विभाग के द्वारा नावानगर में 25 एकड़ जमीन वन विभाग को दी गई है। यहां काले हिरणों को संरक्षित करके रखा जाएगा वहां हिरनों के अनुकूल माहौल भी बनाया जाएगा ताकि प्राकृतिक माहौल में उनका संरक्षण हो सके। पर्यावरण में संतुलन के लिए जीव जंतुओं का संरक्षण जरूरी है।

**-अंशुल अग्रवाल, जिला पदधिकारी,बक्सर**






### पौधरोपण महाअभियान -2023 : कृषि विज्ञान केंद्र आकुशपुर में कार्यक्रम आयोजित, लगाए गए पौधे

# 34000 पौधे लगाकर लोगों ने लिया अभियान को जारी रखने का संकल्प

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में पौधरोपण महाअभियान-2023 के अंतर्गत बृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन आकुशपुर कृषि विज्ञान केन्द्र में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्व0प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क पंजीयन मंत्री उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आकुशपुर कृषि विज्ञान केन्द्र भूमि पर मियांवाकी पौधरोपण अभियान में कुल 34 हजार पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि रवीन्द्र जायसवाल, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने क्रमशः रूद्राक्ष, हरिशंकरी, त्रिदेवी एवं अन्य लाभकारी पौधों का रोपण पूरे विधि विधान एवं मंत्रोचारण के साथ परिसर में किया। कार्यक्रम में मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को वन विभाग द्वारा रूद्राक्ष के पौध भेंट स्वरूप देकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं में यूनिफार्म, किताबें एवं पौधरोपण के लिए पौध का वितरण किया गया। यूनिफार्म एवं किताबें पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। तत्पश्चात मत्री ने उपस्थित समस्त आगंतुकों को पौधरोपण करने की शपथ दिलाई।

मंत्री ने भगवान के चरणों में नमन तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ वृहद पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसे पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इसी क्रम में जनपद में कुल 33 लाख 86 हजार 853 पौधरोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के अंदर वृक्षारोपण अति आवश्यक है। क्योंकि वनों एवं पेड़ पौधों से जड़ी बूटियां, औषधियां, फल-फूल प्राप्त होते हैं। इसका लाभ आमजन को प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि 22 जुलाई 2023 को जनपद में कुल 33 लाख 86 हजार 853 पौधरोपण वन विभाग के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार अपने आस-पास, पास -पड़ोस में एक-एक वृक्ष अनिवार्य रूप से लगाएं। एक वृक्ष लगाने से आपका सम्मान, आपका अभिमान तथा आपका विश्वास सबसे ज्यादा बढ़ेगा। क्योंकि इससे उपजे फलों का लाभ आपकी आने वाली पीढ़ियों को प्राप्त होगा। उन्होंने लोगों से ज्यादातर औषधीय वृक्ष लगाने को कहा। इसके उपयोग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है एवं कई प्रकार की बीमारियों से निरोग रहता है। उन्होंने कहा कि पेड़ जहां होते हैं, वहां की जलवायु भी ठीक रहती है तथा समय से वर्षा भी होती है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी से कक्षाओं में वृक्षारोपण के प्रति बच्चों में जागरूकता बढाते हुए पाठ पठाने का निर्देश दिया। ताकि बच्चों को पौधरोपण के प्रति जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि आज जो पौधे आप लोगों को दिए गए हैं, उसे अपने घर, आस-पास -पड़ोस, ग्रामों में अवश्य लगाएं तथा दूसरे व्यक्तियों, परिवार के लोगों को भी पौधरोपण से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए उन्हें भी पौधरोपण के प्रति प्रेरित करें। उन्होने लोगों से अधिक ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों को लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जबतक पौधे वृक्ष का रूप धारण नहीं कर लेते तबतक उनकी सेवा करते हुए उनकी रक्षा करने के लिए आमजन से आह्वाहन किया।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सघन पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज गाजीपुर में भी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण कार्यक्रम जनपद स्तर के अलावा समस्त तहसीलों, विकास खण्डों, मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया गया। जनपद में 33 लाख 86 हजार 853 पौधरोपण का लक्ष्य है। जिसे पूरा किया गया है। 15 अगस्त 2023 को पौधरोपण का कार्य जनपद में चलाते हुए जनपद में शासन स्तर से प्राप्त 40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि जीवनदायिनी ऑक्सीजन हमे वृक्षों से ही प्राप्त होती हैं, अन्य प्रदेशों की तुलना में उत्तर प्रदेश में वृक्षों का अनुपात कम है। हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है कि उत्तर प्रदेश को एक हरा-भरा प्रदेश बनाया जाए। जिसे हम लोगों को मिलजुल कर` पूरा करना है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने वृक्षारोपण से होने वाले फायदों को बताया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील की।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड, एनएसएस एवं नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर उपस्थित रहे। इस अवसर पर भूषण मिश्रा अपर कमिश्नर वाराणसी, मुख्य विकास अधिकारी संतोश कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी विरा अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम, जिला युवा अधिकारी कपिल देव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केन्द्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चन्द्र प्रसाद ने किया।



## अधिक से अधिक पौधरोपण करने का प्रयास करें



जिलाधिकरी आर्यका अखौरी ने कहा कि पौधरोपण हमारे पर्यावरण के लिए कितना महत्वपूर्ण है। इसका संज्ञान हमें होना चाहिए। उन्होंने पौधरोपण प्रतिशत को बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कहा कि आज के दिन इस संकल्प के साथ जाएं और अधिक से अधिक पौधरोपण करने का प्रयास करें। आप जहां भी जिस रूप में रहे वृक्षारोपण अवश्य करें तथा उन वृक्षों को बचाने का भी प्रयास करें।प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने कहा कि आज इस वन महोत्सव-2023 के कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में पौधरोपण जन आंदोलन का कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में जनपद मे एक दिन में कुल 33 लाख 86 हजार 853 पौधे जनपद स्तर, तहसील, विकास खंड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने पौधरोपण की विशेषताओं की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि इसे पौधरोपण में ग्राम वन, नगर वन, मियावाकी पौधरोपण, औषधीय वन आदि की स्थापना किया जा रहा है। 15 अगस्त 2023 को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जायेगा। विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने कहा की वृक्ष पर्यावरण की दृष्टि से कितने महत्वपूर्ण है यह आप सभी जानते हैं। पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए हमें वृक्ष लगाना अति

## लतीफशाह बीयर में नहाने के दौरान युवक डूबा

**चंदौली।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के लतीफशाह बीयर में नहाने के दौरान शनिवार को वाराणसी के दीवानी न्यायालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सौरभ श्रीवास्तव 28 बीयर के मुख्य जलाशय में डूब गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से डूबे युवक को निकालने में जुट गई। जलाशय में डूबा युवक वाराणसी के लालपुर थाना क्षेत्र के नई बस्ती पंचकोशी का निवासी है। वाराणसी के दीवानी न्यायालय के पांच कर्मचारी सौरभ श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव मुकेश कुमार सिंह दिनेश शर्मा दिनेश चौबे शनिवार को पिकनिक मनाने आए थे। सभी बीयर के मुख्य जलाशय में नहाने लगे नहाने के दौरान सौरभ श्रीवास्तव जलाशय में डूब गया। उसके डूबने से उसके दोस्त शोर मचाने लगे। जिससे वहां पिकनिक मनाने के लोगों की भीड़ लग गई। युवक के डूबने की सूचना पुलिस को मिलने पर कोतवाल मिथिलेश तिवारी फोर्स के साथ लतीफशाह बीयर पर पहुंच गए और डूबे युवक की तलाश कर उसे बाहर निकालने के लिए गोताखोरों को लगाया।

## आवासीय खेल छात्रावास के लिए विभिन्न खेलों में बालक व बालिकाओं का हुआ पुनः ट्रायल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द यादव ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित आवासीय खेल छात्रावास के लिए विभिन्न खेलों में बालक व बालिकाओं का पुनः ट्रायल्स जिला स्तर पर नेहरू स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में को किया गया। निम्न खेलों का ट्रायल्स प्रातः आठ बजे से शुरू किया जा चुका है। उक्त चयन/ट्रायल्स में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय अवधि में रू0 10.00 जमाकर फार्म प्राप्त किया जा सकता है।

ट्रायल के समय आयु से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को विद्यालय द्वारा आयु प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए, यदि किसी कारणवस चयन/ट्रायल्स के समय जन्मतिथि सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाना संभव न हो तो स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के माता-पिता द्वारा जन्मतिथि के संबंध में नोटरी शपथ पत्र प्राप्त किया जाएगा। पूर्ण जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय गाजीपुर में संपर्क कर सकते हैं। तैराकी बालिका वर्ग 12 वर्ष, बैडमिंटन बालिका वर्ग, बास्केटबाल बालक-बालिका वर्ग, तीरंदाजी बालक-बालिका वर्ग, कुश्ती बालिका वर्ग एवं वॉलीबाल बालिका वर्ग के लिए 01 अप्रैल, 2023 से 15 वर्ष होना चाहिए। जिसमें जिला स्तर पर 22 जुलाई से एवं मंडल स्तर पर 24 जुलाई 2023 को एवं राज्य स्तर पर 27 व 28 जुलाई 2023 स्थान- केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में खेला जाएगा।




## जाली नोटों के तस्कर को 10 वर्ष की कैद

**चंदौली।** जाली नोटों की तस्करी के मामले में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय डा. जया पाठक की अदालत ने सुनवाई की। इस दौरान साक्ष्यों के अवलोकन व अधिवक्ताओं के तर्क को सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त श्याम बाबू कुमार को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को उसे 10 वर्ष कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। अर्थदण्ड की राशि न देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता शशि शंकर सिंह ने बताया कि 12 जनवरी 2019 को एक व्यक्ति मालदा से नकली भारतीय मुद्रा लेकर पं दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के रेलवे कॉलोनी गेट के पास पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त श्याम बाबू कुमार की तलाशी ली गई तो उसके जेब से तीन गाड़ियों में से दो हजार के नोट बरामद हुए, जिसका भौतिक निरीक्षण किया गया तो भारतीय जाली मुद्रा पाई गई, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई दो हजार की मुद्रा से मिलती जुलती थी।

## सावन में सख्तीः वाराणसी जाने के लिए मार्ग परिवर्तित, राजघाट पुल से नहीं जा सकेंगे वाहन

**केटी न्यूज/चंदौली**

यातायात पुलिस ने सावन के तृतीय सोमवार को श्रद्धालुओं के सुगम और सुरक्षित आवागमन के दृष्टिगत डायवर्जन प्लान लागू किया है, जो रविवार की सुबह आठ से सोमवार की रात आठ बजे तक प्रभावी रहेगा।

यातायात विभाग के प्लान के मुताबिक पचफेड़वा अंडरपास डायवर्जन चंदौली से वाराणसी शहर की ओर वाया पचफेड़वा अंडरपास, आलमपुर तिराहा, चकिया तिराहा ,कस्बा मुगलसराय होते हुए जाने वाले समस्त वाहनों को पचफेड़वा अंडरपास से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा, जो हाईवे से होते हुए अखरी बाईपास से वाराणसी जाएंगे। इसके अलावा गोधना चौराहा डायवर्जन चंदौली से वाराणसी शहर की ओर वाया गोधना चौराहे, चकिया तिराहा, कस्बा मुगलसराय होते हुए जाने वाले वाहन गोधना चौराहे से ही डायवर्ट होकर हाईवे से होते हुए अखरी बाईपास से वाराणसी जाएंगे। चकिया तिराहा डायवर्जन चंदौली कि तरफ से वाराणसी शहर की ओर वाया चकिया तिराहा, कस्बा मुगलसराय, पड़ाव होते हुए जाने वाले वाहन गोधना चौराहे की ओर डायवर्ट होकर हाईवे 19 से होते हुए अखरी बाईपास से वाराणसी जाएंगे। चकिया तिराहे से कस्बा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में ई-रिक्शा, ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के वाहनों के अतिरिक्त अन्य सभी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से निषेध रहेगा। पड़ाव चौराहे से वाराणसी राजघाट की तरफ समस्त वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। वहीं रामनगर की तरफ से पड़ाव आने वाले वाहनों को साहूपूरी तिराहे से एफसीआई तिराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। बताया कि कटरिया और रामनगर की तरफ से आने वाले समस्त वाहन जिन्हें पड़ाव होकर वाराणसी अथवा कस्बा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जाना है उन्हें कटरिया से एनएच-19 से राजातालाब अथवा गोधना चौराहे से जाने दिया जाय। एफसीआई गोदाम तिराहा डायवर्जन, कस्बा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की तरफ से आने वाले समस्त वाहनों को साहूपुरी रोड पर डाईवर्ट किया जायेगा किसी भी वाहन को पड़ाव की तरफ नही जाने दिया जायेगा। यातायात प्रभी ने सभी वाहन चालकों से आग्रह किया है कि आवश्यक होने पर ही वाराणसी की तरफ डाईवर्जन प्लान के अनुसार जाएं। कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में चंदौली पुलिस का सहयोग करें।

### सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

# लोगों को यातायात नियमों के पालन की दी सीख

**केटी न्यूज/चंदौली**

सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर पाण्डेयपुर बाजार में स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट व सरस्वती ज्ञान निकेतन विद्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई।जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया और साथ ही बताया कि बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, जिसमें लोग सुरक्षित घर पहुंचे। इस अभियान में सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया है। जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और सड़क सुरक्षा के नारों का उद्घोधन करते हुए आम जनमानस को भी यातायात नियमों के पालन की सीख दी और उन्हें प्रेरित किया।



वहीं रैली को प्रमुख समाजसेवी सतीश जिंदल, आरआई अशोक यादव, यातायात प्रभारी आरपी यादव,ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने हाथ में तख्ती लेकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख समाज सेवी सतीश जिंदल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी लोग पूर्ण रूप से प्रयास करें, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। वही पुलिसकर्मियों द्वारा जागरूकता रैली में प्रतिभाग कर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय सीट बेल्ट/हेल्मेट का प्रयोग करने व वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाने, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने और अन्य लोगों को भी इनका पालन करने के लिये प्रोत्साहित करने की अपील भी की गई।वही इस रैली में सरस्वती विद्या मंदिर, बीपी इंटर कॉलेज के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में यातायात प्रभारी आर पी यादव ने कार्यक्रम में सम्मिलित व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई। मौके पर पद्माकर चौबे, स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य, बृजेश कुमार बिंद, रमेश प्रसाद, राजन गुप्ता कुंदन सिंह राजन सेठ, मनमोहन पांडेय, अखिलेश श्रीवासतव, अद्वितीय, गुलाब जायसवाल, हरिद्वार प्रसाद, गोपाल साव, गोविंद गुप्ता, बिहारी सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

